VARDHMAN NEWS ™ BEAWAR (RAJ.)
पदमं नाणं तओ दया

# वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 67 | ब्यावर, 23 जून 2025, मंगलवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : नि:शुल्क




## वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज सभागार में पत्रिका इग्नाइटर्स 2026 कार्यक्रम आयोजित

# जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.), ब्यावर
PATRIKA IGNITERS
EMPOWERING YOUTH

वर्द्धमान न्यूज

**ब्यावर।** वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज सभागार में पत्रिका इग्नाइटर्स 2026 कार्यक्रम के तहत जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत प्रेरक वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों से दो टूक शब्दों में कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता बल्कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में एक आदर्श (रोल मॉडल) चुनकर उसके पद्चिन्हों पर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

**जल संसाधन मंत्री रावत ने इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने की भी सीख दी और कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से उतना ही सरोकार रखना चाहिये जितना वह उनके ज्ञान में वृद्धि तथा शिक्षण में सहयोगी बन सके। अभिभावकों को भी चाहिये कि वे बच्चों को दी गई मोबाइल रखने की छूट का कितना सदुपयोग कर रहे हैं, इसपर नजर रखें। माता-पिता बच्चों से नियमित संवाद बनाये रखे और उन्हें सही दिशा प्रदान करे।**

कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक रतनसिंह ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिये। युवाओं को नशे से दूर रहने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिये डिजिटल माध्यमों का सावधानी से उपयोग करने तथा महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक व संवेदनशील रहने का आह्वान किया। एसपी राठौड़ ने सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करने तथा अभिभावकों को भी बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाये रखने पर जोर दिया ताकि उन्हें सही मार्गदर्शन मिले, वे सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व गणमान्य मौजूद रहे।







## मेहनत ही सफलता का मूलमंत्र: रावत



ब्यावर पत्रिका, जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने कहा कि मेहनत लगन और परिश्रम से हासिल की गई सफलता का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी सफल लोगों की उपलवियों के पीछे कठोर परिश्रम की ताकत रही है। वे सोमवार को राजस्थान पत्रिका के इग्नाइटर्स अवार्ड-2026 सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन अभिभावकों की भी सराहना की जिन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पत्रिका वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पत्रिका केवल समाचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को दिशा देने विसंगतियों को दूर करने और जनजागरण के माध्यम से चेतना का संवार करने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में रावत ने कहा कि आज का युवा सफलता का आसान सूत्र तलाश्ता है. जबकि सफलता का एकमात्र मंत्र मेहनत और समर्पण है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को बड़े सपने देखने चाहिए क्योंकि देश का भविष्य युवाओं और बच्चों के हाथों में है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने जहां नई संभावनाएं पैदा की है. वहीं कई प्रकार की चुनौतियां भी सामने आई है। इसका उपयोग जिम्मेदारी एवं सावधानी से किया जाना चाहिए।







राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र ही नहीं, बल्कि एक संकल्प और जनआंदोलन है, जिसका मूल उद्देश्य लोकसेवा और जनसेवा रहा है। पत्रिका समाज में सकारात्मक बदलाव और जनजागृति के लिए कार्य करता रहा है। पत्रिका सकारात्मक सोच विकसित करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। प्रतिभाओं का सम्मान कर उनके सपनों को नई दिशा देने का कार्य भी पत्रिका लगातार कर रहा है। समाज में शिक्षा और प्रतिभा संवर्धन के लिए सहयोग की परंपरा सदैव प्रेरणादायी रही है। शिक्षा और प्रतिभा संवर्धन के क्षेत्र में पत्रिका का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। विद्यार्थियों, युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास और क्षमताओं को निखारने की परंपरा सदैव प्रेरणादायी रही है। समाज के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण की भावना के साथ राजस्थान पत्रिका आज भी अपने मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में निरंतर अग्रसर है। वर्द्धमान परिवार आपके इस जज्बे का सलाम करता है।

**डॉ. नरेन्द्र पारख**
सचिव, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति

## अतिथियों का सम्मान







## यह भी रहे अतिथि

समारोह में पूर्व सभापति नरेश कनौजिया, भामाशाह सुनील खेतपालिया, डॉ. नरेंद्र पारख, चमन चक्षु, पूर्व विधायक माणक डाणी, नियामत अली, तहसीलदार हनुत सिंह आदि मौजूद रहे। मार्केटिंग हैड संदीप खण्डेलवाल, प्रभारी ललित गोयल, हर्ष भटनागर, शैलेंद्र शुक्ला व रवि जैन ने अतिथियों का स्वागत किया।

## यह रहे मौजूद

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनिल खेतपालिया, सचिव डॉ. नरेन्द्र पारख, कृष्णा केशव स्कूल से महेन्द्रसिंह चौहान, बालाजी एकेडमी सीनियर सैकंडरी स्कूल से संजय चौहान, श्री अरिहंतमार्गी जैन महासंघ युवा शाखा अध्यक्ष मुकेश बाफना, मोहित कांठेड, भगवंत यूनिवर्सिटी से कैप्टन विनय पटेल व डॉ. कोमल आलवानी, आर. सी. तिवारी मौजूद रहे।

## युवा क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें : शंकर सिंह

विधायक शंकरसिंह रावत वत ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनके सकारात्मक प्रयासों से समाज तथा राष्ट्र के विकास को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर अध्ययन को जीवन में सफलता का आधार बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण भाव से कार्य करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हैं।

# पत्रिका इग्नाइटर्स 2026 कार्यक्रम की झलकियां








## जिम्मेदारी से करें सोशल मीडिया का उपयोग : रतन सिंह

पुलिस अधीक्षक रतनसिंह ने कहा कि राजस्थान पत्रिका की ओर से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना सराहनीय पहल है। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं के पीछे उनकी मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य और भविष्य के प्रति सजग रहना चाहिए। साइबर अपराध पर उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग सावधानी और सतर्कता के साथ किया जाना चाहिए।






## कॉलेज व्यक्तित्व को नई दिशा देता है: दिव्यांश सिंह

उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने कहा कि 12वीं पास करने के बाद विद्यार्थियों की जिंदगी की वास्तविक शुरुआत हो रही है। अब मिली सफलता मजबूत आधार है। जो जीवन के लिए बेहतर कल का निर्माण करने में सहायक होंगे।

यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति गंभीर रहकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण चरण होता है।

# वर्द्धमान महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन एवं जेवीजेवी विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया जिसमे समस्त संकाय सदस्यों, कर्मचारीगण, स्वंयसेविकाओं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड एवं छात्राओं द्वारा योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर जेवीजेवी व्याख्याता एवं योग प्रशिक्षिका सुनीता जैन ने जैन दर्शन एवं योग का संदेश देते हुए नवकार मंत्र एवं ओम के उच्चारण के साथ योग कार्यक्रम प्रारंभ किया जिसमे सूक्ष्म व्यायाम ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, कटि चालन, जानु चालन, शीतली, तड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मंडूकासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, नाड़ी शोधन, समाधि मुद्रा ध्यान, शशांकासन, गरूडासन, हलासन, पदमासन एवं सूर्यनमस्कार आदि करवाये गये।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने छात्राओं को संदेश देते हुए बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरी दुनिया को स्वस्थ और संतुलित जीवन का मार्ग दिखा रही है और यह देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक स्वरूप बन चुकी है।

# भंवरलाल गोठी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया






वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल ब्यावर में आज दिनांक 21.06.2026 को अन्तराष्टीय योग दिवस के उपलक्ष पर प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में योगा आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र छात्रां, स्टाफगण, व अभिभावकों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। विद्यालय में जो छात्र छात्रां किसी कारण से नहीं आ पाये उन्होने अपने घर पर ही या यथास्थान पर ही योग करके विद्यालय पोर्टल पर अपना छाया चित्र अपलोड किया। ब्यावर की योगा में विशेष जानकार प्राप्त हेमलता सैनी ने अपने अनुभव के द्वारा योग के आसन सूर्य नमस्कार, उष्टासन, पदमासन, हल्लासन, वज्ररासन,कपालभाती, अनुलोम विलोम इत्यादि स्वय के द्वारा करके विद्यालय के छात्र छात्राओं व समस्त स्टाफ को लाभान्वित किया।

विद्यालय में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मंच संचालन शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान ने किया। अन्त में प्राचार्य द्वारा योग दिवस आज के योग दिवस के चार चांद लगाने वाली हेमलता सैनी का अभिवादन व धन्यवाद ज्ञापित किया तथा समस्त स्टाफ व छात्र छात्राओं व अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा प्रधानाचार्य श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा तथा उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने समस्त स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# वर्द्धमान महाविद्यालय में पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में काउंटडाउन प्रोग्राम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन में जेवीजेवी विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे सप्तदिवसीय कैंप में जेवीजेवी व्याख्याता एवं योग प्रशिक्षक सुनीता जैन द्वारा नियमित विभिन्न योगासनो एवं प्राणायाम करवाये गए उसके पश्चात् योग के प्रति जागरूक बढ़ाने के उद्देश्य से निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टर के माध्यम से योग के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुप्रिया पंवार ने प्रथम स्थान, डिम्पल जैन ने द्वितीय स्थान एवं ज्योति रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रेड रिबन प्रभारी निधि पंवार ने बताया कि करो योग रहो निरोग विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में हेमा जोशी ने प्रथम स्थान, मनहर कौर सलूजा ने द्वितीय एवं धारा सोलंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही।